

> मुझे पूरा विश्वास है कि नई टीम उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ेगी। यहां ऐतिहासिक विकास होगा।
>
> – पीएम नरेंद्र मोदी (ट्विटर पर)

YOUNG INDIA > YOUNG PAPER

NBT

नवभारत टाइम्स

नई दिल्ली/ लखनऊ › सोमवार, 20 मार्च 2017 › फाल्गुन 29 शक 1938 चैत्र कृष्ण 7 विक्रम विक्रम 2073 www.nbt.in पेज 28*› मूल्य सिर्फ 4.00 रु.

साहित्यकार और पूर्व कर्मचारी सम्मानित

■ **एनबीटी, लखनऊ** : राज्य कर्मचारी सहित्य संस्थान की ओर से रविवार को साहित्य पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। हिंदी संस्थान के यशपाल सभागार में हुए कार्यक्रम में विभाग से अवकाश प्राप्त कर्मचारियों को शॉल, प्रतीक चिह्न और नगद राशि देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति सुधीर कुमार सक्सेना, अनिरुद्ध अंसारी, डॉ. हरि ओम और डॉ. दिनेश चंद्र अवस्थी ने प्रो. नेत्रपाल सिंह, विनोद पाण्डेय, ओपी श्रीवास्तव, राजेंद्र प्रसाद, अनीश अंसारी को साहित्य पुरस्कार से नवाजा। स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज के महानिदेशक डॉ. भरत राज सिंह, प्रो. अलका पाण्डेय, डॉ. महेश चन्द्र, अनिल त्रिपाठी, राम नगीना मौर्या, शीला पाण्डेय सहित 21 विभूतियों को भी साहित्य गौरव सम्मान से नवाजा गया।